दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र


मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 184 मुरादाबाद 01 November 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


# मैंने बहुत कम ऐसी पीड़ा अनुभव की होगी मोरबी की घटना पर भावुक हुए पीएम मोदी




सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके यानी एकता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के केवड़िया पहुंचे हैं। सोमवार को उन्होंने लौह पुरुष को पुष्पांजलि दी। साथ ही वह संबोधन के दौरान मोरबी पुल हादसे को लेकर भावुक हो गए। उन्होंने घटना पर दुख जाहिर किया औरर जारी बचाव कार्य और सरकार के प्रयासों की भी जानकारी दी। पीएम ने कहा, मैं एकता नगर में हूं, मेरा मन मोरबी के पीड़ितों से जुड़ा है। शायद ही जीवन में मैंने बहुत कम ऐसी पीड़ा अनुभव की होगी। एक तरफ करूणा से भरा पीड़ित दिल है तो दूसरी ओर कर्त्तव्य पथ है। जिन लोगों को अपना जीवन गंवाना पड़ा हैं, मैं उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

## मोरबी घटना

मोरबी में रविवार शाम करीब 7 बजे झूलतो पुल के नाम से मशहूर सस्पेंशन ब्रिज ढह गया था। खबरें हैं कि हादसे के वक्त पुल पर करीब 500 लोग शामिल थे। अब तक 177 लोगों को बचा लिया गया है। गुजरात के गृहमंत्री हर्ष संघवी ने जानकारी दी है कि पुल हादसे में 132 लोगों की मौत हो चुकी है। पीएम ने बताया कि राहत कार्य में कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, सरकार हर तरह से पीड़ित परिवारों के साथ है। गुजरात सरकार कल शाम से ही राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। केंद्र सरकार से गुजरात सरकार को हर संभव मदद दी जा रही है। NDRF और सेना तैनात है। संघवी ने भी बताया था, नेवी,NDRF, वायुसेना और सेना तेजी से पहुंच गई, पूरी रात ( खोज और बचाव कार्यों के लिए ) 200 से अधिक लोगों ने काम किया है।

## राहत कार्य में चुनौतियां

भारतीय सेना के मेजर गौरव ने बताया, बचाव कार्य जारी है। रात करीब तीन बजे भारतीय सेना यहां पहुंच गई थी। हम शवों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। एनडीआरएफ की टीमें भी बचाव अभियान चला रही हैं। इधर, बचाव में जुटे सैनिकों को भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। NDRF कमांडेंट वीवीएन प्रसन्ना कुमार पानी गंदा होने की वजह से जब पानी के अंदर सर्च करते हैं तो विजिबिलिटी की दिक्कत होती है। झूले के गिरने के कारण वहां कुछ लोगों के दबे होने की आशंका है, उसके मलबे को निकालकर वहां भी सर्च करेंगे।

## सरदार पटेल को किया याद

पीएम सोमवार को भारत के लौहपुरुष के नेतृत्व को भी याद किया। उन्होंने कहा,


अगर भारत के पास सरदार पटेल जैसा नेतृत्व न होता तो क्या होता? अगर 550 से ज्यादा रियासतें एकजुट न हुई होती तो क्या होता? हमारे ज्यादातर राजा रजवाड़े त्याग की पराकाष्ठा न दिखाते, तो आज हम जैसा भारत देख रहे हैं हम उसकी कल्पना न कर पाते। ये कार्य सरदार पटेल ने ही सिद्ध किया है।

# मैदान में उतरे CM योगी, थामा बल्ला; तालियों से गूंज उठा इकाना स्टेडियम



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में सरदार पटेल राष्ट्रीय दिव्यांग-T20 कप टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस मौके पर थोड़ी देर के लिए सीएम योगी ने हाथ में बल्ला भी थामा और बल्लेबाजी की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यूपी सरकार अपने सभी दिव्यांगजन के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की ब्रांड एम्बेसडर पद्मश्री, खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार से अलंकृत दिव्यांग एथलीट दीपा मलिक को धन्यवाद देते हुए सीएम योगी ने उनकी तारीफ की। सीएम ने कहा कि वह लाखों लोगों की प्रेरणा हैं।दिव्यांग बच्चों और युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए सीएम योगी ने कहा कि इतिहास ऐसी विभूतियों से भरा पड़ा है जिन्होंने दिव्यांग होते हुए भी देश और दुनिया को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास इससे भरा पड़ा है। भारत में ऋषि अष्टवक्र का गुणगान उपनिषद करते हैं। उनके द्वारा दिए गए मंत्र एक नई प्रेरणा प्रदान करते हैं। मध?य काल के संत सूरदास जी को कौन नहीं जानता है। सीएम योगी ने कहा कि भक्तिकालीन सूरदास जी ने दृष्टिहीन होने के बावजूद भगवान कृष्ण की भक्ति में अपने काव्यात्मक शैली के माध्यम से एक नई प्रेरणा और प्रकाश उस कालखंड में दिया था वो हम सबके सामने है। सीएम योगी ने स्टीफन हॉकिंग की ब्रह्मांड थ्योरी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने दुनिया को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। सीएम ने कहा कि यूपी में सरकार दिव्यांगजनों के लिए अनेक कार्यक्रम चला रही है। 10 लाख दिव्यांग जनों को 12 हजार रुपए वार्षिक मासिक पेंशन मिल रही है। सीएम ने कहा कि खेलकूद से हमारे अंदर टीम भावना उत्पन्न होती है। यदि खेल में यह भावना न हो तो होनहार से होनहार खिलाड़ी के होते हुए भी टीम सफल नहीं हो सकती। संदेश को हमें जन जन तक पहुंचाना है। इससे देश का हर नागरिक देश, मातृभूमि और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होगा।

# बेटे, पत्नी की लाश लेकर लापता बेटी तलाश रहा पिता, मोरबी की दर्दनाक कहानियां; 100 से ज्यादा मौतें



मोरबी में हालात भयावह हैं। मच्छु नदी पर बना केवल पुल ही नहीं टूटा, इस घटना के साथ ही कई परिवार भी तबाह हो गए हैं। आंकड़े बताते हैं कि अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 177 लोगों को बचाया गया है। साथ ही सैकड़ों की तलाश जारी है। इन्हीं लोगों में कहीं पिता अपनी लापता बच्चों को तलाश रहा है। वहीं, कोई मां अपनी बच्ची को खोने का गम मना रही है। हादसे में मोना मोवार की 11 साल की बेटी नहीं रहीं। इतना ही नहीं उनका छोटा बेटा और पति भी मोरबी शासकीय अस्पताल में मौत से जंग लड़ रहे हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में उनकी रिश्तेदार बताती हैं, मैं अपनी बहन के साथ हूं और वह रोना बंद ही नहीं कर रही है। मेरा भतीजा और जीजाजी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हमारे रिश्तेदार अस्पताल में हैं और मैं मेरी बहन को घर ले जाने की कोशिश कर रही हूं। हालांकि, मोवार परिवार की कहानी यहां अकेली नहीं है। शासकीय अस्पताल में इस तरह के संघर्ष हर जगह नजर आ रहे हैं। रविवार देर रात तक यहां शवों का आना जारी रहा। कोई अपने घायल रिश्तेदारों को खोजता रहा, तो किसी को उम्मीद थी कि उनके लापता परिजन यहां मिलेंगे। इन्हीं में एक अरिश्फा शाहमदार भी हैं। वह अपने पांच साल के बेटे और पत्नी के शव के पास घाव सहला रहे हैं। उनका दुख यहां खत्म नहीं होता, क्योंकि 6 साल की एक बेटी गायब भी है। उनके दोस्त बताते हैं, अरिश्फा की पत्नी और बेटे की मौत हो गई है और बेटी गायब है। जामनगर से मोरबी आई उनकी बहन की भी मौत हो गई है और उनके दो बच्चे गायब हैं। आरिफ के भाई का भी एक बच्चा गायब है।

## हादसे को समझें


अहमदाबाद से करीब 200 किमी की दूरी पर बना यह सस्पेंशन ब्रिज शाम 6.42 पर टूट गया। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त पुल पर करीब 500 लोग थे और छठ पूजा से जुड़ी रस्में निभा रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मच्छु नदी में अभी भी 100 लोग फंसे हुए हैं। करीब 70 लोगों को बचाया गया है और अस्पताल में दाखिल किया गया है। राहत कार्य के लिए NDRF की पांच टीमें मौके पर भेजी गई थीं। इसके अलावा सेना, नौसेना और वायुसेना ने भी मोर्चा संभाला है। साथ ही घटनास्थल पर एक मेडिकल टीम भी तैनात है। करीब 150 साल पुराना यह केबल ब्रिज पर्यटन के लिहाज से लोकप्रिय जगह थी। रिनोवेशन के लिए यह 7 महीनों से बंद था। 26 अक्टूबर को इसे जनता के लिए दोबारा खोला गया।

# थानाध्यक्ष/इंस्पेक्टर ने कर्तव्यनिष्ठा की दिलाई शपथ मना सरदार वल्लभभाई जयंती

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

चंदौल-थानाध्यक्ष बबुरी अतुल कुमार व अलीनगर महिला थाना इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी ने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों संग थाना परिसर में सरदार वल्लभभाई जयंती मनाया। और कर्तव्यनिष्ठता का शपथ लिया। इस दौरान थानाध्यक्ष अतुल कुमार ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल वह महानायक थे जिन्होंने महात्मा गांधी के बताए हुए रास्तों पर चलकर देश को आजादी दिलाने के साथ-साथ इस खंडित भारत को एक अखंड भारत बनाने में अपना बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





वही अलीनगर महिला थाना इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी ने इस अवसर पर बताया कि आधुनिक भारत में हमें उनके नक्शे कदम पर चलते हुए इस अखंड भारत को पूरे विश्व में जात पात धर्म से ऊपर उठकर श्रेष्ठ भारत बनाने का संकल्प लेना चाहिए/ उनके जीवन से हमें सीखना चाहिए, कि वह कितनी कठिनाइयां चाहते हुए भी भारत के उस सपने को साकार किया जो भारत के हर स्वंत्रता सेनानी सेनानियों ने सपने "को देखे सपने देखे थे। उनके जीवन के संघर्षों से हमें सीखना चाहिए चाहे कितनी भी समस्याएं आए चाहे कितनी भी कठिनाइयां आए हमें अपना मनोबल अपना विश्वास कभी नहीं खोना चाहिए हमें आने वाली सभी समस्याएं चाहे हमारे विद्यार्थी जीवन में कभी फेल होना हो या फिर कोई और अन्य समस्याएं आए हमें उससे भी आगे लड़के उस से जीतकर अपने सपनों को साकार करना चाहिए।

# उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देकर छठ पूजा का किया गया समापन


तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- जनपद के विभिन्न क्षेत्रों मे उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ लोक आस्था के महापर्व डाला छठ का सोमवार को समापन हुआ। व्रती महिलाएं भोर से ही पानी में खड़े होकर भगवान भास्कर के उगने का इंतजार करती रहीं। इस दौरान घाटों पर दिव्य छटा देखने को मिली। छठ गीत से माहौल भक्तिमय बना रहा।नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय महापर्व का शुभारंभ हुआ था।सरोवर व अन्य सरोवरों के किनारे अद्भुत छटा देखने को मिली।भगवान भास्कर की आराधना के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।सोमवार की भोर से ही व्रती महिलाएं पानी में खड़ी हो गई। भोर में लगभग 20 डिग्री तापमान में पानी में खड़े होकर सूर्य देव के उगने का इंतजार करती रहीं। बादलों की धुंध की वजह









से सूर्य नारायण का दर्शन कुछ विलंब से हुआ। आसमान में पूरब दिशा में लालिमा दिखाई देने के साथ दूध से अर्घ्य देने का क्रम शुरू हुआ। इस दौरान हर-हर महादेव का उद्घोष गूंजता रहा। व्रती महिलाओं ने इसके साथ कठिन व्रत का पारण किया। पुत्रों की दीर्घायु व पुत्र प्राप्ति की कामना से सूर्य देव की उपासना की जाती है।

## वाहन चोरी कर बिक्री करने वाला मैकेनिक व उसका अन्य साथी गिरफ्तार

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-वाहनों की बरामदगी करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश के अनुक्रम में प्रभारी निरीक्षक जमालपुर मय पुलिस बल क्षेत्र में



त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत भ्रमणशील रहकर गश्त/वाहन चेकिंग की जा रही थी कि इस दौरान थाना जमालपुर क्षेत्र में वाहनों की सघन चेकिंग करते हुए मोटरसाइकिल सवार 02 व्यक्तियों को चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार उपरोक्त दोनों अभियुक्तों की निशानदेही 03 अन्य चोरी की मोटरसाइकिले बरामद की गई ।

# दो अलग अलग सड़क हादसों में पांच हुए घायल

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद - थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर गांव सिसरोई व नानऊ के निकट अलग अलग सड़क हादसों में पांच महिला पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकराबाद भेजा। जनपद फर्रुखाबाद के थाना मोहम्मदाबाद के गांव पट्टी खुर्द निवासी विपिन कुमार शर्मा पुत्र रमेश चंद शर्मा परिवार के साथ नोएडा में रहकर अपना निजी काम करते है। वह दीपावली के त्यौहार पर गांव आये थे जहां से त्योहार करने के बाद पत्नी पूनम शर्मा व आठ वर्षीय बेटा आयुष शर्मा के साथ बाइक द्वारा नोएडा जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी बाइक नेशनल हाईवे पर गांव सिसरोई के निकट पहुंची तभी सामने से आ





रही एक अन्य बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में विपिन कुमार शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं पत्नी व बेटा के मामूली चोटें आई हैं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी अकराबाद में भर्ती कराया। जहां से डाक्टरों ने विपिन की हालत चिंताजनक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं दूसरी घटना अकराबाद मोड़ के निकट हुई जहां नानऊ निवासी नरेंद्र प्रताप पुत्र रनवीर सिंह अपनी पत्नी डोली व भाभी संकी के साथ बाइक द्वारा हाथरस अपनी रिश्तेदारी में कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक अकराबाद मोड़ के निकट पहुंची तभी आगे चल रही कार ने अचानक ब्रेक लगा दिये जिससे बाइक असंतुलित होकर पीछे से कार में जा टकराई। हादसे में संकी , डोली, तथा नरेंद्र प्रताप के चोटे आई हैं। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी अकराबाद में भर्ती कराया है।

# नगर निगम नगर पंचायतों का चुनाव भाजपा पूर्ण बहुमत से जीतेगी - राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि अलीगढ़ में मेयर का चुनाव में आसपास के जितनी नगर पंचायत है जितने पार्षद हैं सभासद हैं इस निकाय चुनाव को भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ जीतेगी उन्होंने यह भी कहा है भाजपा के बढ़ते हुए जनाधार को देखकर विरोधी दलों के नेताओं का मनोबल खत्म हुआ है हर समाज का व्यक्ति हर वर्ग के व्यक्ति भाजपा के साथ है यहां के हर समाज में मन बना लिया है भाजपा को जिताने का पूरा मन बना लिया है नगर निगम के हर वार्ड में भाजपा भारी बहुमत से चुनाव जीतेगी इस बात को विरोधी दलों के नेता जानते हैं नगर निगम मेयर समेत आसपास के नगर पंचायतों में चेयरमैन का चुनाव भाजपा पूर्ण बहुमत से जीत रही है इस चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत पूरी तरह से रंग लाएगी यह चुनाव भी मोदी जी योगी जी की लोकप्रियता से जीता जाएगाहा वह पूरा किया है

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी से छह माह तक दुष्कर्म करता रहा

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नहाने का वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी से छह माह तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। गर्भवती होने पर उसने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों ने रिश्ते की मामी और उसके मित्र युवक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार किशोरी लगभग दस महीने से अपनी ननिहाल में रह रही है। छह माह पूर्व रिश्ते की मामी ने उसे अपने घर बुलाकर बाथरूम में नहाते हुए वीडियो बना लिया। मामी ने इस वीडियो को अपने मित्र हेमंत को भेज दिया। हेमंत किशोरी को वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए मामी के सहयोग से छह माह से उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इस घटना के संबंध में किशोरी ने अपनी मां को जानकारी दी। मां ने अपने भाई को जानकारी दी तथा एक निजी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराया तो पता चला कि किशोरी को चार महीने का गर्भ है। इसको लेकर किशोरी के मामा व मां ने आरोपी मामी व उसके मित्र हेमंत से शिकायत की तो उन्होंने कहा कि दो चार हजार लेकर गर्भपात करा दो, नहीं तो सोशल मीडिया पर वीडियो डाल देंगे। कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगे। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी मामी और उसके मित्र हेमंत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## वीडियो बनाकर रिश्ते के मामा ने,भांजी की लूटी अस्मत, गर्भवती होने पर हुआ खुलासा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- अलीगढ़ के इगलास कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने रिश्ते में भांजी लगने वाली किशोरी की अश्लील वीडियो बनाकर उसकी आबरू से खिलवाड़ करता रहा। शनिवार को जब पीड़िता के पेट में दर्द हुआ तो डाक?टरों को दिखाया गया तब जाकर मामला खुला। अलीगढ़। इगलास कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवक ने अपनी प्रेमिका के सहयोग से ननिहाल में रह रही एक किशोरी के साथ जबरन अवैध संबंध बना लिए। आरोपित पीड़िता के रिश्?ते का मामा है। घटना का खुलासा किशोरी के चाह माह की गर्भवती होने पर हुआ। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। किशोरी-एक गांव निवासी किशोरी पिछले करीब 10 माह से अपनी ननिहाल में मामा के यहां रह रही थी। स्वजन ने बताया कि मामा के ताऊ के बेटे की पत्नी सोनम ने किशोरी को अपने घर बुलाकर नहाते हुए अश्लील वीडियो बना ली और अपने प्रेमी हेमंत को दे दी। युवक ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी को ब्लैकमेल करते हुए दुष्कर्म किया। आरोपित महिला ने इनकी भी वीडियो बना ली। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवक महिला के सहयोग से किशोरी के साथ छह माह तक दुष्कर्म करता था। पेट में दर्द होने पर पता चला- किशोरी के पेट में दर्द होने पर स्वजन उसे डाक्टर के पास लेकर गए। अल्ट्रासाउंड कराने पर पता चला कि किशोरी चार माह की गर्भवती है। उन्होंने आरोपित महिला व युवक से शिकायत की तो वीडियो वायरल करके बदनाम करने की धमकी दी और कहा कि किशोरी का अबार्शन करा दो नहीं तो किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगे। पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा- आरोपित युवक पीड़िता का रिश्ते में मामा लगता है। रविवार की सांय स्वजन किशोरी को लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को घटना से अवगत कराया।

# एकता के लिए डीआरएम समेत रेल अफसरों ने लगाई दौड़



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-सोमवार को लौह पुरुष सरदार पटेल की 147 वीं जयंती के मौके पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर दौड़ का आयोजन किया गया। रेलवे में दिवस के मौके पर डीआरएम अजय नंदन और अन्य अधिकारी और कर्मचारियों ने एकता दौड़ लगाई। इस दौरान डीआरएम दफ्तर के परिसर में सभी अधिकारी और कर्मियों ने एकता की शपथ भी ली। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पर डीआरएम के नेतृत्व में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह सात बजे डीआरएम दफ्तर परिसर में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। इसके बाद आरपीएफ द्वारा डीआरएम के सामने मार्च पास्ट किया गया। इसके बाद दौड़ का आयोजन किया गया। डीआरएम की अगुवाई में राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। डीआरएम दफ्तर से शुरू होकर मंडल रेल चिकित्सालय व इमली रेलवे लाइन होकर वापस डीआरएम दफ्तर पहुंचकर दौड़ का समापन हुआ।

इस दौरान डीआरएम, एडीआरएम राकेश सिंह व एनएन सिंह, सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह, सीनियर डीओएम सुधीर कुमार, सीनियर डीएफएम अमित शर्मा, सीनियर डीईएन सी पारितोष गौतम, सीएमएस इन्द्र जीत कौर आदि रहे। कार्यक्रम में रेल अधिकारी व आरपीएफ और गाइड के बच्चों तथा अनेक रेल कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।

# पटेल की जयंती एकता दिवस के रूप में मनाई गई, डीएम ने शपथ दिलाई



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-सोमवार को कलेक्ट्रेट में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने सभी कलेक्ट्रेट कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई। सरदार पटेल के देश के लिए अमूल्य योगदान के बारे में वक्ताओं ने बताया।

जिलाधिकारी ने कहा ककि लौह पुरुष के जन्म दिवस को हम लोग एकता दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। सबसे पहले सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सुबह ग्यारह बजे ही कलेक्ट्रेट परिसर में अफसर और स्थानीय स्टाफ जुटा। मुशायरा ग्राउंड पर एडीएम सिटी आलोक वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति सिंह, एसीएम परमानंद, मनीष चौधरी समेत सभी स्टाफ मौजूद रहा।

# जिलाधिकारी ने पारकर इंटर कालेज मुरादाबाद में 73वां जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीडा समारोह का किया शुभारम्भ



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने पारकर इंटर कालेज मुरादाबाद में 73वां जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीडा समारोह का शुभारम्भ ध्वजारोहण, गुब्बारे उडाकर एवं शान्ति का प्रतीक कबूतर उडाकर किया। 800 मीटर बालक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित एवं उत्साहित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र श्री समद को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि आज लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती है जिनका देश के विकास में अहम योगदान है। कुमार दुबे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संयुक्त शिक्षा निदेशक, बालिका वर्ग की संयोजक श्रीमती सुनीता डी सिंह, प्रधानचार्या मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कालेज, बालक वर्ग के संयोजक मेजर एस0के0 मेथन, प्रधानचार्य पारकर इंटर कालेज, अन्य कालिजों के प्रधानाचार्य एवं छात्र/ छात्राएं उपस्थित रहें।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर की छठ माता की पूजा-अर्चना



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-आज उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ व्रत धारियों का 36 घंटे का व्रत पूर्ण हुआ। अर्घ्य देने के लिए 3ः15 बजे से ही लोगों ने घाटों पर पहुंचकर आगे अपनी जगह बना ली खासतौर से जो लोग रविवार की शाम पीछे रह गए थे उन्होंने पहले वरीयता के साथ जगह बनाई सूर्य उदय का समय 6ः37 रहा लेकिन उससे पहले ही लोगों ने छठ माता के जयकारों और भजन कीर्तन के साथ पूजन शुरू कर दिया। रविवार को जिन फलों का भोग लगाया गया था वह उन्हें भी साथ लाए और अर्घ्य के साथ सूर्य देव को अर्पित कर पूजा अर्चना की अगले वर्ष जल्दी आने और हमारी मन्नते पूरी करने की भी अरदास की पूजन के बाद और अर्घ्य देने के बाद व्रत धारियों ने उन्हें फलों को ग्रहण कर व्रतों को विश्राम दिया।

इसके बाद भजन-कीर्तन किया। प्रसाद वितरित किया। इसके साथ ही छठ महोत्सव संपन्न हो गया।

# धूमधाम से मनायी गयी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट सभागार में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जन्म दिवस को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया, जिलाधिकारी ने अधिकारियों/ कर्मचारियों को एकता और खण्डता की शपथ भी दिलायी।मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेती हूं,कि मैं राष्ट्र की एकता,अखंडता और सुरक्षा को



बनाए रखने के लिए स्वंय को समर्पित करुंगी और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयास करूंगी,मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रही हूं,जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका है।मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की भी सत्य निष्ठा से संकल्प लेती हूं, कोषाधिकारी गिरीश कुमार,सहायक कोषाधिकारी अवधेश कुमार यादव,जिला पूर्ति अधिकारी,जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) उमेश आर्य, जिला बचत अधिकारी राम प्रसाद, जिलाधिकारी के आशुलिपिक चन्द्रमौली श्रीवास्तव,राकेश सिंह,उमेश सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# The smile of the sun

We have always been a witness to the scorching sun and it is beyond our imagination that the sun will ever smile! The Sun normally keeps on bursting with fire and raining fire, but if a planet with continuous fire rain starts to slow down even for a while, then there will be disaster in the universe. Usually because of the abundance of explosions on the Sun, scary pictures of him keep coming. This is the first time that the American space science organization NASA has released such a photo of the Sun, in which a smile is visible. Since happiness attracts the most to humans, the latest happy picture of the Sun has come into the limelight all over the world. Well this phenomenon is exactly the same, as we often see clouds in some shape or form and get amazed. It is a mere coincidence that the storms on the Sun have created dark areas amidst the rain of fire. These dark areas look like eyes and mouth.

It is also interesting to know here that in western countries these days a three-day special festival of remembering ancestors, saints is going on, which is called Halloween. During Halloween, pumpkins are decorated with human figures. People walk around in scary or saint cloaks, so that they can feel connected with the ancestors, they have their own culture, their own scenes and festivals. The celebration also includes a fresh 'smiley' or smiling picture of the Sun, seen in the form of a Halloween pumpkin. Although NASA's Solar Dynamics Observatory caught the sun smiling ten days ago, but now the whole world is watching it. It is interesting to note that NASA's Solar Dynamics Observatory is an expedition aimed at examining how solar activity drives and drives space weather. It was first launched on 11 February 2010. This special mission of the observatory also keeps on measuring the Sun's interior, atmosphere, magnetic field and energy production. The new picture is not very strange for NASA, but it will increase the attraction of scientists to the Sun. Those who have seen the Sun smiling will expect the same from the Sun in the future as well.


By the way, it is also worth recording that the Sun still remains a mystery to an extent. The first photograph of the Sun was taken by French physicists Louis Fizzou (1819–1896) and Léon Foucault (1819–1868) in 1845, about 176 years ago. It was an early stage of photography, the five-inch black-and-white image recorded a few 'sunspots'. The stain on the Sun was captured by the first picture as well. Berkowski later photographed a solar eclipse for the first time on July 28, 1851. There is no doubt that astronomical photographs have come a long way. Despite this, common people in the world are waiting for better pictures. The desire to know by seeing the planets closely is increasing continuously. NASA and all other space science centers should work together in this direction. The development going on in the field of space science due to selfishness and small conflicts will be accelerated by the pictures of the Sun.

## Rishabh Shetty has reduced the mat Akshay Kumar-Ajay Devgan to dust, 'Ram Setu' and 'Thank God' shows will be shown 'Kantara'

The troubles are not seeming to end for Akshay Kumar and Ajay Devgan. His Diwali 2022 releases, Ram Setu and Thank God both are fast moving towards flops. Day by day the number of viewers is declining. Seeing the bad condition of both these films, the theater owners have taken a big decision. Mushkil Mein Ram Setu and Thank God-Ram Setu have earned less than 60 at the box office in 6 days. Ajay Devgan's Thank God's condition is even worse. The film has not even reached 30 crores after 6 days of release. On the other hand, dubbed Kannada film, Kantara is in its third week and is making tremendous money in the theatres. Cinema owners have quietly started increasing the showcase of Kantara by reducing the shows of both Ram Setu and Thank God. From Monday, Kantara will be given additional shows by cutting down the shows of Thank God and Ram Setu. Theater owners are afraid that when Ram Setu and Thank God do not get the audience in the weekend itself, then who will come to see them in the weekday. may fall. To avoid this, they have already decided to increase the screening of Kantara. By the way, this has happened in the past also when the organizers gave the screens to Kartikeya 2 by canceling the shows of Rakshabandhan and Lal Singh Chaddha. Benefit of low ticket rates - From today, 25 to 30 percent more shows of Kantara can increase and it will have singles. Showcasing is also included on the screen. The low price policy is working wonders for the team, as the film has actually registered a much better footfall than Thank God, and is almost at par with Ram Setu on the footfall front since Thursday. From today onwards, 25 to 30 percent more shows of Kantara can grow and this includes showcasing on single screen as well. The low price policy is working wonders for the team, as the film has actually recorded a much better footfall than Thank God, and is almost at par with Ram Setu on the footfall front since Thursday.




## When will 'Stree 2' release? Know the meaning of Shraddha Kapoor's entry in Thumkeshwari Song!



The song 'Thumkeshwari' from Varun Dhawan's upcoming film 'Bhediya' has become quite popular with the release. Not only are the lyrics of the song and its beats quite impressive, but Shraddha Kapoor's entry at the end of the music video left everyone stunned. Seeing Shraddha Kapoor in this video, people started making different speculations and said that maybe Amar Kaushik will try to bring the 'Stree' and 'Bheliya' universe together. Why did Stree enter Thumkeshwari Song?

Let us tell you that both these films are made by Amar Kaushik and while 'Stree' proved to be a blockbuster hit on one hand, it is believed that Varun Dhawan's 'Wolf' also got box office %A.

# एटा पहचानो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, संस्कारव्हीन शिक्षा अधूरी है-प्रो सनिल कुमार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-निधौलीकलां- जनपद एटा के निधौलीकलां कस्बे में एटा पहचानो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम सिंह व मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के पूर्व चेयरमैन प्रोफेसर सनिल कुमार व एटा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सचिन उपाध्याय, एस्ट्रो ब्यूटी थेरेपी की निदेशक श्रीमती किरन व पंचायत विकास संस्थान की कोषाध्यक्ष श्रीमती सरिता एडवोकेट, अतिथि नेमसिंह राजपूत जिला मंत्री बेसिक शिक्षा,झम्मन सिंह पूर्व प्रवक्ता ,डॉ0गोकुल सिंह प्रदेश स्वास्थ्य प्रमुख रहे।कार्यक्रम का संचालन डॉ0 राजपाल सिंह। ने किया।कार्यक्रम संयोजक देवेन्द्र कुमार लोधी एडवोकेट रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है, आज इस कार्यक्रम में छात्राओं की संख्या ज्यादा होने से यह सिद्ध हो गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने भयमुख्त समाज की स्थापना की है इसलिए छात्राएं शिक्षा में अच्छी भागीदारी कर रही हैं।और इस प्रतियोगिता से निधौलीकलां के छात्रों को पंचायत विकास संस्थान के कार्यक्रम संयोजक देवेन्द्र कुमार लोधी एडवोकेट को मैं बधाई देता हूँ कि वे शिक्षा के क्षेत्र में जो नया आयाम जोड़ा है उसको आगे बढ़ाना चाहिए।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर सनिल कुमार ने कहा कि हे मेरे निधौलीकलां क्षेत्र के शिक्षार्थियों इस एटा पहचानो प्रतियोगिता के माध्यम से आपको अहसास हुआ होगा कि आप अपने किस स्थिति में खड़े हो,और आपको अपना भविष्य तय करने में सहयोग मिलेगा। लेकिन दु:ख आज भी इस बात का है कि संस्कारविहीन शिक्षा अभी भी अधूरी है।मैं जिस कैम्पस में आज डॉ0जाकिर हुसैन साहब को मन से बधाई देता हूँ कि उन्होंने निधौलीकलां से शिक्षा का अलख जगाई और पूरे देश में आज उनके आर0बी0ग्रुप का डंका बज रहा है।ये उनके पूर्वजो के दुआरा किये गए पुनीत कार्यों से संभव हुआ है।भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सचिन उपाध्याय ने कहा कि ये प्रतियोगिता सामाजिक एकता का दर्शन है।

ऐसे पुनीत कार्य समाज में होते रहने चाहिए।नेमसिंह राजपूत ने कहा कि शिक्षा हमे जीवन जीने की राह सिखाती है ।इसलिए शिक्षा बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में उपस्थित झम्मन सिंह पूर्व प्रवक्ता, नेमसिंह राजपूत, सरिता एडवोकेट, श्रीमती किरन,सरोज गुप्ता,रश्मि ,किशोरी लाल, डॉ0 नाथूराम वर्मा, अरुण प्रताप सिंह, डॉ0राजपाल सिंह,प्रियंकराजपूत, मनोहर नेताजी, रहीश सभासद, बुद्धसेन गुप्ता सभासद, सोमेश राजपूत, आशीष राजपूत, योगेन्द सिंह, दानिश,सुरेश चन्द्र,सुधीर उपाध्यय, रणवीर सिंह,शिव कुमार कुशवाह, आदि लोग उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटवाने गई राजस्व टीम व पुलिस पर पथराव

योगेश मुदगल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मारहरा- रास्ते पर अतिक्रमण हटवाने गए पुलिस-प्रशासन पर पथराव कर दिया। इसमें प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी बच गए। थाने से और फोर्स बुलाना पड़ा। मामले की तहरीर लेखपाल ने पथराव करने वालों के विरुद्ध दी है। गांव भावननगर के ग्रामीण खेमेंद्र कुमार सहित कई ग्रामीणों ने 26 सितंबर को एडीएम प्रशासन से शिकायत की थी। इसमें आरोप लगाए थे कि सार्वजनिक रास्ते पर गांव के ही कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। शिकायत पर रविवार को तहसीलदार, लेखपाल डोरीलाल, थानाध्यक्ष मारहरा, पुलिस फोर्स के साथ गांव भावनगर के मजरा अहमदनगर बमनाई पहुंचे। पैमाइश कराने के बाद जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया गया। लेखपाल डोरीलाल ने पुलिस को दी तहरीर के अनुसार सुरेंद्र, रामकिशोर, हरवेंद्र, राहुल सहित 10-15 महिलाएं आ गईं। सरकारी कार्य में बाधा डाल जेसीबी के आगे लेट गईं। इतना ही नहीं कुछ युवक, महिलाओं ने छत पर चढ़कर पथराव शुरू कर दिया। पथराव कर रहे लोगों को बार-बार रुकने को कहा। मगर वह पथराव करते रहे। इसके बाद और पुलिस फोर्स बुलाना पड़ा। इस पर आरोपी भाग गए। तहरीर पर पुलिस ने आठ नामजद, तीस अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसओ सत्यपाल सिंह का कहना है कि लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। महिला से छेड़खानी एटा। थाना निधौलीकलां के एक गांव निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 26 अक्तूबर को मुकेश निवासी रामनगर निधौलीकलां सहित तीन लोगों ने उनकी पिटाई की। महिला ने छेड़खानी का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है

# एटा में हैं प्रधान, हाथरस में विद्युत केंद्र के सुरक्षाकर्मी

निशाकांत शर्मा -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा जिले के प्रधान हाथरस में विद्युत विभाग में सुरक्षाकर्मी पद पर तैनात हैं। यह पता चलने के बाद प्रधान बुरे फंस गए। दो जगहों से वेतन लेने के मामले में प्रधान पर रिपोर्ट दर्ज हो गई। आरटीआई कार्यकर्ता ने थाना मारहरा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना मारहरा के गांव मेंहनीसोरा निवासी जितेंद्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सुरेश चंद्र वर्तमान में गांव के प्रधान हैं। इससे पहले आर्मी से रिटायर होने के बाद जिला हाथरस में विद्युत उपकेंद्र ईशापुर में संविदा सुरक्षाकर्मी थे। वहां से भी इस्तीफा नहीं दिया और इधर चुनाव भी जीत गए। दोनों जगहों से मानदेय प्राप्त करते रहे। ऐसा कोई नियम नहीं है। इसके बाद प्रधान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसओ मारहरा सत्यपाल सिंह का कहना है कि तहरीर में बताया कि प्रधान रहते हुए भी विद्युत विभाग से वेतन लेते रहे हैं। करीब पांच-छह महीने तक वेतन लेने की बात तहरीर में कहीं गई है। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# क्षेत्राधिकारी बरला कार्यालय पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता दिवस के रूप में मनाई गई

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अकराबाद: सोमवार को क्षेत्राधिकारी बरला के पनैठी स्थित कार्यालय पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता दिवस के रूप में मनाई गई । इस दौरान सीओ बरला अभय कुमार पांडे ने मौजूद पुलिस कर्मियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को अक्षुण बनाये रखने की शपथ दिलाई। सीओ ने कहा राष्ट्रीय एकता की आज जो हमने शपथ ली है। उसके अनुसार सभी पुलिसकर्मी राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करने में अपना पूरा योगदान देगें।राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाएं रखने की शपथ दिलाई। वहीं एसबीएस हायर सेकेंडरी स्कूल रुदायन गोपी में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता दिवस के रूप में मनाई गई । इस अवसर पर बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को अक्षुण् रखने का संकल्प लिया राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाएं रखने की शपथ दिलाई।

# टेंट हाउस से 13 रसोई गैस सिलेंडर मिले, रिपोर्ट दर्ज

योगेश मुदगल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-टेंट हाउस से 13 रसोई गैस सिलेंडर, रिफिलिंग मशीन, इलेक्ट्रॉनिक कांटा पकड़ा गया। लाइसेंस मांगने पर नहीं दिखा सका। इसके बाद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रामदत्त ने थाना मिरहची में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि अचलपुर मिरहची रोड पर मुगल टेंट हाउस है। इस पर नौ अक्तूबर को छापा मारा गया। छापामार कार्रवाई के बाद रसोई गैस की कालाबाजारी करते हुए मिले। चेक करने पर 11 सिलेंडर एचपी, दो सिलेंडर भारत गैस, रिफिलिंग मशीन, इलेक्ट्रॉनिक कांटा पकड़ा। लाइसेंस मांगा गया तो यह नहीं दिखा सके। एसएचओ मिरहची छतरपाल सिंह का कहना है कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी टेंपो में गैस भी डालता था

# रामेश्वर सिंह के पुत्रों की संपत्तियों की कुर्की को चस्पा किए नोटिस

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सपा नेता पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव के दो पुत्रों की 37 अचल संपत्तियां जब्त की जानी हैं। इनकी कीमत 26 करोड़ रुपये से अधिक है। रविवार को पुलिस ने गांव अमृतपुर रघूपुर स्थित सपा नेताओं के पैतृक आवास पर नोटिस चस्पा किए। रामेश्वर सिंह और उनके छोटे भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह के विरुद्ध कोतवाली नगर में गैंगस्टर एक्ट का मामला दर्ज है। डीएम अंकित अग्रवाल ने 17 जून को इन सभी चल-अचल संपत्तियां कुर्क करने का आदेश पारित किया था। जांच के दौरान पाया गया कि गैंग बनाकर की गई कमाई से रामेश्वर सिंह के पुत्र सुबोध यादव व प्रमोद यादव के नाम से संपत्तियां खरीदी हैं। सुबोध यादव के नाम 21.10 करोड़ रुपये मूल्य की 21 संपत्तियां हैं। जबकि प्रमोद यादव के नाम से 5.23 करोड़ रुपये की 16 संपत्तियां चिह्नित की गईं। डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने 15 अक्तूबर को इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए आदेश जारी किया था। इसके पालन में रविवार को उपनिरीक्षक अभिलाख सिंह ने पुलिसबल के साथ गांव अमृतपुर रघूपुर पहुंचकर रामेश्वर सिंह व जुगेंद्र सिंह के पैतृक घर के दरवाजे पर नोटिस चस्पा किए। विवेचना कर रहे जलेसर थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि जेल में निरुद्ध रामेश्वर सिंह ने नोटिस की प्रति लेने से मना कर दिया। अभियुक्तगणों के पैतृक निवास पर कोई मौजूद नहीं मिला। इसलिए दरवाजे पर चस्पा कर नोटिस तमील कराया गया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# चुनावी घोषणा में प्रत्येक जिला प्रत्येक विधानसभा में आह्वान किया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- मिली जानकारी के अनुसार भैयाथान तहसील अंतर्गत सैकड़ों किसान अपना धान बेचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ज्ञात हो कि 1 नवंबर 2022 को छत्तीसगढ़ सरकार धान खरीदी चालू कर रहा है जब कि अपने चुनावी घोषणा में प्रत्येक जिला प्रत्येक विधानसभा में आह्वान किया था कि किसानों का एक-एक दाना धान को खरीद कर उनको बोनस के साथ पैसा छत्तीसगढ़ सरकार देगी लेकिन यहां सैकड़ों किसान ऐसे हैं जो कि अपना धान बेचने में वंचित हो रहे हैं एक जानकारी यह भी मिला है की धान खरीदी केंद्र सोसाइटी से कई किसान इफको यूरिया धान एवं कर्ज लिए हैं और आज दिनांक तक सोसाइटी केंद्र में रखवा को सैकड़ों किसानों का और किसानों का धान पंजीयन तो है पर वर्तमान स्थिति में राजस्व कंप्यूटर रिकॉर्ड में काट छांट कर किसानों को काफी परेशानियों में डाल दिया गया है कई किसान ऐसे भी हैं

जो कि पिछले वर्ष धान खरीदी केंद्र में धान भेज चुके हैं वह किसान का भी रकबा को काट छांट कर जीरो कर दिया गया है जिससे किसान काफी हलकान है और कुछ नामांतरण नहीं होने से भी धान बेचने से वंचित हो रहे हैं और वर्तमान में किसान सम्मान निधि जैसे योजना का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है हमारे सूरजपुर जिला में 95% किसान अभी वर्तमान में अपना धान मिसाई नहीं कर पाए हैं धान तो खेतों में ही पक रहा है समय से पहले एक नवंबर 2022 से धान खरीदी चालू हो रहा है और ऐसे में धान किसान पूरी तरीके का बेच पाने में वंचित हो रहे हैं जबकि किसान अगर अपना धान नहीं बेच पा रहे हैं तो सोसाइटी का कर्ज जो लिए हैं उसका पैसा पटाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा इन सभी मामलों को लेकर के भैयाथान के तहसीलदार ओपी सिंह को कलेक्टर जिला सूरजपुर 31.10.2022 सोमवार को तहसीलदार से किसानों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी भटगांव सीताराम भास्कर ने चर्चा कर समस्या का समाधान करने के लिए कलेक्टर सूरजपुर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है ज्ञापन सौंपने वाले में,, संतोष सिंह , तारकेश्वर कुशवाहा रामचंद्र कुशवाहा सीताराम साहू रूपलाल सिंह जयकरण शिवलाल बिहारी लाल हेम सिंह ऐसे कई किसान उपस्थित रहे,

# 18 वर्ष का सव सिद्धा के पेड़ में दुपट्टे से फांसी लगाए हुए मिला

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-सूरजपुर जिले के चांदनी बिहार पुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरा के रेडिया पारा निवासी शंकर सिंह गोड़ की पुत्री लक्ष्मण सिंह उम्र लगभग 18 वर्ष का सव सिद्धा के पेड़ में दुपट्टे से फांसी लगाए हुए मिला। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार लड़की ओड़गी में सिलाई कर रही थी और रविवार को उन्होंने बस पकड़कर अपने घर आने को बोली थी। लेकिन रविवार रात को जब लड़की घर नहीं पहुंची तो उसके परिजनों ने उसका पता लगाना चालू किया जिससे पास में ही रेडिया पारा के पुराने गिट्टी धराई क्रेशर के पास सिद्धा के पेड़ में लड़की का दुपट्टे से लटका हुआ शव परिजन को मिला। जिसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों को सूचना दी और पुलिस को भी सूचना दी है। खबर लिखने तक मौके पर पुलिस नहीं पहुंची है न ही मौत का कारण पता चल पाया है।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जिला स्तरीय एकता दौड़ का हुआ आयोजन




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने हेतु आज सुबह जिला स्तरीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन तथा खेल एवम युवा कल्याण विभाग द्वारा पुराना बस स्टैंड से कलेक्टेट कार्यालय परिसर तक आयोजित एकता दौड़ में जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित सभी शासकीय एवम अशासकीय हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी शालाओं के छात्र-छात्राओं और गणमान्य नागरिको ने भाग लिया। एकता दौड़ का शुभारंभ संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े एवं जिला कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। दौड़ का समापन संयुक्त कार्यालय सूरजपुर में हुआ जहां सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा मे पुष्पहार व अगरबत्ती जलाकर किया गया। दौड़ में शामिल सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। जिला स्तरीय राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े, कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा, पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री शिवभजन मरावी, श्री बिहारी कुलदीप जिला पंचायत सभापति, श्री रामकृष्ण ओझा कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष, श्री जगलाल सिंह जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरजपुर, श्री पंकज तिवारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता, श्री नरेंद्र पैकरा संयुक्त कलेक्टर, श्री रवि सिंह एसडीएम सूरजपुर, श्री अजय कुमार कामटे मुख्य अभियंता छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास, श्री महादेव लहरे मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी, श्री शबाब हुसैन प्रभारी खेल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि व अन्य पदाधिकारियों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की राष्ट्रीय एकता में उत्कृष्ट योगदान पर उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को नगर पालिका सूरजपुर द्वारा स्वल्पाहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में माइक संचालन श्री सुरविंद्र गुर्जर एवं आभार श्री रवि सिंह एसडीएम सूरजपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में दिनेश साहू, सहदेव राम रवि, गौतम शर्मा, सुभाष रजवाड़े, पंकज डोंगरे, महेंद्र सिंह सहित पुलिस प्रशासन, नगर पालिका सूरजपुर, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आदि का विशेष सहयोग रहा।

# खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में धान खरीदी की आरंभिक तैयारी की समीक्षा

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- टोकन काटने एवं शासन का पैसा किसानों के खाते में जाए सुनिश्चित करें-कलेक्टर शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के अंतर्गत 01 नवम्बर 2022 से 31 जनवरी 2023 तक खरीदी किया जाना है। आदेश के परिपालन में कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के समस्त नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारियों आगामी धान खरीदी को लेकर बिंदुवार समीक्षा की गई। जिले में कुल समिति 48, उपार्जन केंद्र 50 बनाए गए हैं। धान खरीदी का लक्ष्य 281750 मेट्रिक टन है एवं पंजीकृत किसानों की संख्या 54265 है। धान खरीदी की प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर ने कहा कि 1 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हो रहा है जिसमे बड़े उत्साह के साथ किसानों का धान खरीदी करने तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टोकन काटने एवं शासन का पैसा किसानों के खाते में जाए भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने समितियों में स्थल चयन, साफ-सफाई, फेंसिंग, चबूतरा, डनेज, विद्युत व्यवस्था, सीसी टी.वी., पेयजल तथा किसान विश्राम गृह की व्यवस्था कराने के साथ-साथ पर्याप्त डनेज तथा तारपोलिन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। धान उपार्जन हेतु नवीन बारदाना, मिलर के पुराने बारदाने, स्टैंसिल, सुतली, रंग एवं रजिस्टर की व्यवस्था कराने के निर्देश दिया गया। कलेक्टर द्वारा धान खरीदी के दौरान लघु एवं सीमांत कृषकों से प्राथमिकता से रोस्टरवार धान खरीदी करने हेतु योजनाबद्ध खरीदी करने का निर्देश समस्त समिति प्रबंधकों को दिया गया। जिन्हें जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों के मार्गदर्शन में खरीदी पूरा कराने है। किसानों को टोकन जारी करने से धान खरीदी तक सुचारू व्यवस्था के साथ-साथ तौल पत्रक की प्रति ऑनलाइन प्रति अनिवार्य रूप से किसानों को देने के निर्देश दिये है। धान खरीदी के दौरान समिति में धान भंडारण स्थान पर सुरक्षा, सीसीटीव्ही की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी अवधि, समर्थन मूल्य, औसत अच्छी गुणवत्ता (एफ. ए. क्यू.), विभागीय कॉल सेंटर, कार्यपालिक दंडाधिकारी, फायर ब्रिगेड, पुलिस थाना तथा जिला कंट्रोल रूम के नंबर आवश्यक रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए है। धान के अवैध परिवहन, खरीदी बिक्री की सूचना 07775-228548,93037-74855 नंबर पर दे सकते हैं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम, ज्वाइंट कलेक्टर प्रियंका वर्मा, एसडीएम श्री उत्तम रजक खाद्य अधिकारी विजय किरण, उप पंजीयक सहकारी संस्थाऐं जी.एस शर्मा, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक गिरजा साहू एवं संबंधित नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित थे।